Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

अल्लाह तआला का आदेश

اِنَّ الَّذِیۡنَ اٰمَنُوۡا وَ عَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ وَ اَقَامُوا الصَّلٰوۃَ وَ اٰتَوُا الزَّکٰوۃَ لَھُمۡ اَجۡرُھُمۡ عِنۡدَ رَبِّھِمۡ ۚ وَ لَا خَوۡفٌ عَلَیۡھِمۡ وَ لَا ھُمۡ یَحۡزَنُوۡنَ ○

(सूरतुल बक़रा आयत :278)

अनुवाद: निसन्देह वे लोग जो ईमान लाए और नेक कर्म किए और उन्होंने नमाज़ को स्थापित किया और ज़कात अदा की उन के लिए उन का बदला उन के रब्ब के निकट है और उन पर कोई भय नहीं होगा और न वे भयभीत होंगें।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 3

अंक 45

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

The Weekly BADAR Qadian HINDI

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

29 सफर 1439 हिजरी कमरी 8 नबुव्वत 1397 हिजरी शमसी 8 नवम्बर 2018 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

सय्यदना हज़रत ख़लीफतुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला ने फरमाया कि कश्ती नूह में हमारी शिक्षा का जो भाग है वह ज़रूर हर अहमदी को पढ़ना चाहिए बल्कि पूरी कश्ती नूह ही पढ़ें।

यह धोखा न लगे कि सुन्नत और हदीस एक ही वस्तु है। क्योंकि हदीस तो सौ डेढ़ सौ वर्ष पश्चात् एकत्र की गयी। परन्तु सुन्नत का अस्तित्व क़ुर्आन शरीफ़ के साथ ही था।

सुन्नत से तात्पर्य वह मार्ग है जिस पर क्रियात्मक रूप में आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपने साथियों को डाल दिया था। सुन्नत उन बातों का नाम नहीं है जो सौ डेढ़ सौ वर्ष पश्चात् पुस्तकों में लिखी गयी, बल्कि उन बातों का नाम हदीस है और सुन्नत उस क्रियात्मक आदर्श का नाम है जो नेक मुसलमानों की क्रियात्मक परिस्थिति में प्रारम्भ से चला आया है, जिस पर सहस्त्रों मुसलमानों को लगाया गया

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

दूसरा साधन पथ-प्रदर्शन का जो मुसलमानों को प्रदान किया गया **सुन्नत** है अर्थात् आंहज़रत सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के वे कार्य जो आपने क़ुर्आनी आदेशों की व्याख्या स्वरूप करके दिखाए। उदाहरणार्थ- क़ुर्आन शरीफ़ में साधारण दृष्टि से देखने से **पांच समय** की नमाज़ों (उपासना) की रकआत का ज्ञान नहीं होता कि प्रात: कितनी और अन्य समयों में कितनी हैं परन्तु सुन्नत ने सब पर प्रकाश डाल दिया है। यह धोखा न लगे कि सुन्नत और हदीस एक ही वस्तु है। क्योंकि हदीस तो सौ डेढ़ सौ वर्ष पश्चात् एकत्र की गयी। परन्तु सुन्नत का अस्तित्व क़ुर्आन शरीफ़ के साथ ही था। मुसलमानों पर क़ुर्आन शरीफ़ के पश्चात् सबसे बड़ा उपकार सुन्नत का है। ख़ुदा और रसूल के दायित्व का कर्तव्य केवल दो मामले थे। वह यह कि ख़ुदा ने क़ुर्आन उतार कर अपनी वाणी द्वारा अपनी प्रजा को अपनी इच्छा से अवगत कराया। यह तो ख़ुदा के कानून का कर्तव्य था। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का कर्तव्य यह था कि ख़ुदा की वाणी को क्रियान्वित करके लोगों को भली भांति समझा दें। अत: रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने वे कथनी बातें करनी के रंग में दिखला दीं और अपनी सुन्नत अर्थात् अमली कार्यवाही से कठिन और मुश्किल मामलों को हल कर दिया। यह कहना व्यर्थ है कि यह हल करना हदीस पर आश्रित था, क्योंकि हदीस के अस्तित्व से पूर्व इस्लाम धरती पर स्थापित हो चुका था।★ क्या जब तक हदीसें एकत्र नहीं हुई थीं लोग नमाज़ न पढ़ते थे या ज़कात न देते थे या हज न करते थे या वैध या अवैध से परिचित न थे। हाँ तीसरा साधन **पथ-प्रदर्शन का हदीस है।** क्योंकि इस्लाम के बहुत से ऐतिहासिक, नैतिक और धार्मिक नियमों से संबंधित मामलों को हदीसें स्पष्ट करती हैं और हदीस का बड़ा लाभ यह है कि वह क़ुर्आन और सुन्नत की सेवक है। जिन लोगों को क़ुर्आन का सही ज्ञान प्राप्त नहीं हुआ वे इस अवसर पर हदीस को क़ुर्आन पर निर्णायक कहते हैं जैसा कि यहूदियों ने अपनी हदीसों के विषय में कहा। पर हम हदीस को क़ुर्आन और सुन्नत का सेवक समझते हैं। स्पष्ट है कि स्वामी की शान सेवकों के होने से बढ़ती है। क़ुर्आन ख़ुदा की वाणी है और सुन्नत रसूलुल्लाह का कर्म है और हदीस सुन्नत के लिए एक समर्थक साक्षी है। (ख़ुदा हर बुराई से अपनी शरण में रखे) यह कहना अनुचित है कि हदीस क़ुर्आन को निर्णायक है। यदि क़ुर्आन पर कोई निर्णायक है तो वह स्वयं क़ुर्आन है। हदीस जो एक विचारात्मक रुतबा रखती है, क़ुर्आन पर निर्णायक कदापि नहीं हो सकती, मात्र सहयोगी प्रमाण के रंग में है। क़ुर्आन और सुन्नत ने मूल कार्य सब कर दिखाया है। हदीस केवल समर्थक साक्षी है। हाँ सुन्नत एक ऐसी वस्तु है जो क़ुर्आन का उद्देश्य प्रकट करती है, और सुन्नत से तात्पर्य वह मार्ग है जिस पर क्रियात्मक रूप में आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपने साथियों को डाल दिया था। सुन्नत उन बातों का नाम नहीं है जो सौ डेढ़ सौ वर्ष पश्चात् पुस्तकों में लिखी गयी, बल्कि उन बातों का नाम हदीस है और **सुन्नत** उस क्रियात्मक आदर्श का नाम है जो नेक मुसलमानों की क्रियात्मक परिस्थिति में प्रारम्भ से चला आया है, जिस पर सहस्त्रों मुसलमानों को लगाया गया। हाँ हदीस भी, यद्यपि कि उसका अधिकांश भाग विचारात्मक स्तर पर है, परन्तु यदि वह क़ुर्आन और सुन्नत की विरोधी न हों तो अनुसरण करने योग्य है और क़ुर्आन व सुन्नत की समर्थक है। अधिकांश इस्लामी मामलों का भण्डार उसके अन्दर मौजूद है। **अत: हदीस** के महत्त्व को न समझना इस्लाम के एक भाग को काट देना है। हाँ यदि कोई ऐसी हदीस जो क़ुर्आन और सुन्नत की विरोधी हो तथा ऐसी हदीस की विरोधी हो जो क़ुर्आन के अनुकूल है या उदाहरणार्थ एक ऐसी हदीस जो सही बुखारी के विपरीत है तो वह हदीस स्वीकार योग्य नहीं होगी, क्योंकि उसे स्वीकार करने से क़ुर्आन को और उन समस्त हदीसों को जो क़ुर्आन के अनुकूल हैं रद्द करना पड़ता है और मैं जानता हूँ कि कोई संयमी मुसलमान इसका साहस नहीं करेगा कि ऐसी हदीस पर आस्था रखे कि वह क़ुर्आन और सुन्नत के विपरीत और ऐसी हदीसों का विरोधी है जो क़ुर्आन के अनुकूल हैं। अत: हदीसों के महत्त्व को समझो और उन से लाभ उठाओ कि वे आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ओर सम्बद्ध हैं, जब तक क़ुर्आन और सुन्नत को झुठलाए, तुम भी उनको न झुठलाओ। बल्कि तुम्हें चाहिए कि आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की हदीसों का इस प्रकार अनुसरण करो कि तुम्हारी किसी भी हरकत और किसी भी सुकून, तुम्हारे किसी भी कर्म या उसके परित्याग के पीछे उसके समर्थन में तुम्हारे पास कोई हदीस हो। यदि कोई ऐसी हदीस हो जो क़ुर्आन शरीफ़ की उल्लिखित घटनाओं के पूर्णतया भिन्न है तो उसकी अनुकूलता हेतु चिन्तन करो। संभव है

शेष पृष्ठ 12 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ की डेनमार्क और सवीडन का सफर, मई 2016 ई (भाग-13)

☆ हुज़ूर अनवर ने फरमाया कि आप अपने ख़ुद्दाम को एम,टी,ए से जोड़ दें। हम वर्ष में एम,टी,ए पर एक मिलयन पाउंड खर्च करते हैं। ऐसा इसलिए है कि आप लोग एम,टी,ए से संलग्न हों और आपकी तरबियत के साधन हों।

हुज़ूर अनवर ने फरमाया कि कितने हैं जो नियमित सप्ताह में एम,टी,ए के चार दिन या तीन दिन या दो दिन देखते हैं। यदि ध्यान दिलाएं तो ख़ुद्दाम को ध्यान होगा। हुज़ूर अनवर ने मुहतमिम तरबियत को फरमाया कि यहां काम कर के दिखाएं।

हुज़ूर अनवर ने फरमाया: अपनी पत्रिका का आरम्भ कुरआन की एक आयत और इस का अनुवाद और इस की संक्षिप्त व्याख्या के साथ करें। फिर कुछ हदीस लें, हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम का उद्धरण उद्धृत करें। ख़ुत्बों से से अलग-अलग बातें लें, तरबियती पहलुओं पर लेख और निबन्ध लें। यदि आप ख़ुद्दाम में रुचि पैदा करेंगे तो ख़ुद्दाम फिर इस में लेख भी लिखेंगे।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ ने फरमाया माली कुर्बानी अल्लाह तआला का आदेश है चन्दा का अदा करना अल्लाह तआला की प्रसन्नता के लिए है चन्दा हरगिज़ कोई टेक्स नहीं है ।

नेशनल मज्लिस ख़ुद्दामुल अहमदिया स्वीडन की हुज़ूर अनवर के साथ मुलाकात व्यक्तिगत और पारिवारिक मुलाकातें

(रिपोर्ट: अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादक: शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

21 मई 2016 (शनिवार)

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ ने सुबह तीन बजकर 45 मिनट पर मस्जिद नासिर तशरीफ लाकर नमाज फजर पढ़ाई। नमाज़ के अदा करने के बाद,हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ अपने निवास स्थान पर गए।

सुबह, हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ ने डाक, पत्र और रिपोर्टों को देखा। यहाँ गौथन बर्ग प्रवास के दौरान भी लंदन केंद्र और अन्य विभिन्न देशों से नियमित दैनिक पत्र और रिपोर्टे Fax और ईमेल के माध्यम से प्राप्त होती हैं और हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ दैनिक साथ के साथ ये डाक देखते हैं और अपने दस्ते मुबारक से निर्देश देते हैं।

व्यक्तिगत और पारिवारिक मुलाकातें

कार्यक्रम के अनुसार ग्यारह बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ अपने कार्यालय आए और परिवारों से मुलाकातें शुरू होएँ। आज सुबह इस सत्र में 40 परिवारों के 126 व्यक्तियों ने अपने प्यारे आक़ा मिलने की सआदत पाई। आज मुलाकात करने वालों में गॉथेनबर्ग की स्थानीय जमाअत के अलावा, स्वीडन के होम स्टॉक हाउस से आने वाले परिवार ने भी मुलाकात का सौभाग्य प्राप्त किया। इसके अलावा, नॉर्वे और फिनलैंड से आने वाले लोगों ने भी मुलाकात का सौभाग्य पाया। इसी तरह, पाकिस्तान से आने वाले कुछ लोगों ने भी मुलाकात का सौभाग्य पाया। हर किसी ने अपने प्रिय आक़ा के साथ तस्वीर बनाने का सौभाग्य पाया। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ ने दया करते हुएअ शिक्षा प्राप्त करने वाली छात्रों तथा छात्राओं को कलम प्रदान किए और छोटी आयु के बच्चों को चाकलेट दिए। मुलाकातों का यह प्रोग्राम दोपहर दो बजे तक जारी रहा। इस के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ अपने निवास स्थान पर पधारे।

निकाह के एलान

नमाज़ अदा करने के बाद आदरणीय आग़ा याह्या ख़ान मुबल्लिग़ इन्चार्ज स्वीडन ने हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ की अनुमति से एक निकाह की घोषणा की। हुज़ूर अनवर करूणा करते हुए इस दौरान पधारे रहे। यह निकाह प्रिया आमना हलीम लौन पुत्री आदरणीय अब्दुल हलीम लौन साहिब डेनमार्क का प्रिय इरफान अहमद इब्ने आदरणीय मुबारक अहमद साहिब मरहूम (स्वीडन) के बीच तय पाया था। एलान निकाह के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ अल्लाह तआला ने दुआ करवाई। इस के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ अपने निवास स्थान पर पधारे।

नेशनल मज्लिस ख़ुद्दामुल अहमदिया स्वीडन की हुज़ूर अनवर के साथ मुलाकात

कार्यक्रम के अनुसार साढ़े छह बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ मुलाकात हॉल में आए जहां राष्ट्रीय मज्लिस ख़ुद्दामुल अहमदिया स्वीडन की हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ के साथ मुलाकात हुई। हुज़ूर अनवर ने दुआ करवाई। इस के बाद मुअतमिद ने हुज़ूर अनवर के पूछने पर बताया कि हमारी चार मज्लिसें हैं और मज्लिसें अपनी मासिक रिपोर्ट भिजवाती हैं। इन सभी रिपोर्टों के प्रकाश में, एक फाइनल रिपोर्ट तैय्यार करके सदर साहिब को देता हूं।

हुज़ूर अनवर ने फरमाया कि क्या मुहतमिम अपने अपने संबंधित क्षेत्रों की रिपोर्टों पर कोई टिप्पणी करते हैं और उन्हें वापस मज्लिसों को भिजवाते हैं। इस पर सैक्रेटरी ने बताया कि दो तीन मुहतमिम भिजवाते हैं। इस पर हुज़ूर अनवर ने फरमाया कि हर मुहतमिम को अपने अपने विभाग की रिपोर्ट पर टिप्पणी करके वापस मज्लिसों को भिजवाना चाहिए। सप्ताह में एक बार, महीने में दो बार आकर अपने अपने विभाग की रिपोर्टों को देखा करें और फिर उन पर अपनी टिप्पणी करें और वापस अपने अपने क्षेत्रों के नाज़मीन को भिजवाया करें।

* हुज़ूर अनवर ने मुहतमिम अमूरे तुल्बा से पूछा कि विश्व विद्यालयों और कॉलेजों में आपके छात्रों की संख्या क्या है? मज्लिसों से पता लगाएं कि विश्वविद्यालय और कॉलेजों में कितने छात्र पढ़ रहे हैं। आपके इन छात्रों के साथ व्यक्तिगत संपर्क होना चाहिए। अपना छात्र संघ बनाएं। इन की संगोष्ठियों को व्यवस्थित करें। इस तरह, वे एक साथ होंगे और ख़ुद्दाम के कार्यक्रमों में रुचि पैदा होगी।

मुहतमिम माल से हुज़ूर ने पूछा कि कितने ख़ुद्दाम चन्दा देते हैं इस पर मुहतमिम ने बताया कि 222 ख़ुद्दाम चन्दा देते हैं और हमारा बजट 2,89,000

शेष पृष्ठ 8 पर

ख़ुत्बः जुमअः

आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से वफा का उहद बांध कर इसे अन्तिम सांस तक निभाने वाले बदरी सहाबा का ज़िक्रे ख़ैर।

पहले सदर जमाअत अहमदिया मलेशिया उंगको अदनान इस्माइल (Ungku Adnan Ismail) साहिब और आदरणीया हमीदा बेगम साहिबा पत्नी चौधरी ख़लील अहमद साहिब रबवा का नमाज जनाज़ा ग़ायब और ज़िक्रे ख़ैर।

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 12 अक्तूबर 2018 ई. स्थान - मस्जिद बैतुलफ़ुतूह, मोर्डन लंदन, यू.के.

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيمِ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ
رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ۔ اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَاِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔
اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ
وَلَا الضَّآلِّيْنَ

आज, मैं जिन सहाबा का उल्लेख करने लगा हूं उनकी घटनाओं और रिवायतों को ने इतिहास ने विस्तार से संरक्षित नहीं किया। उनका संक्षिप्त परिचय ही है जो कुछ पंक्तियों में वर्णित हुआ परंतु क्योंकि मैं चाहता हूँ कि एक बार सभी बद्री सहाबियों का उल्लेख एक जगह जमाअत के साहित्य में भी आ जाए इसलिए संक्षिप्त परिचय वाले नामों को भी ले रहा हूँ। वैसे भी उन सहाबा जो स्थान था और है उन लोगों का ज़िक्रे ख़ैर भी या उन को याद करना भी हमारे लिए बरकत का कारण है। ये वे लोग थे जो गरीब और कमजोर होने के बावजूद धर्म की रक्षा करने वालों में सफ्फे अव्वल में थे। दुश्मन की शक्ति से भयभीत नहीं हुए, बल्कि उन का सारा भरोसा अल्लाह तआला की हस्ती पर था। आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से वफा का उहद किया तो उस के लिए अपनी जानें कुरबान करने से पीछे न हटे। उनके इस वादा को निभाने के कारण से अल्लाह तआला ने भी उन को जन्नत की बिशारत दी और उन से राज़ी होने का एलान फरमाया।

हज़रत अब्दुल रबी बिन हक बिन औस एक सहाबी थे। उनके पास एक से अधिक रायें हैं। कुछ ने अब्दे रबी और कुछ ने अब्दुल्लाह लिखा है। इब्ने इस्हाक़ के निकट उनका नाम अब्दुल्लाह बिन हक जबकि इब्ने अमारा के अनुसार अब्दे रब बिन हक है उनका संबंध बनू खज़रिज के ख़ानदान बनू साद से था और आप जंग बद्र में शामिल हुए थे।

(असदुल ग़ाबह फी मअरफतिस्सहाबा जिल्द 3 पृष्ठ 317-318 " अब्दुल रब्बा बन अधिकार " मुद्रित दारुल फिक्र बैरूत 2003 ई)

फिर सल्मा बिन साबित हैं, उनका पूरा नाम सलमा बिन साबित बिन वक्श है। हज़रत सलमा जंग बद्र में शरीक हुए जंग उहद में अबू सुफयान ने हज़रत सलमा बिन साबित को शहीद किया था। हज़रत सलमा के पिता हज़रत साबित बिन वकश और चाचा हज़रत रफाअत बिन वकश और उनके भाई हज़रत अम्रो बिन साबित भी जंग उहद में शहीद हुए थे। इस ख़ानदान के बहुत सारे सदस्यों ने जंग उहद में भाग लिया। उनकी मां का नाम लैला बिनत यमान था, जो हुज़ैफा बिन यमान की बहन थीं।

(अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद जिल्द 3 पृष्ठ 234 सलमा बिन साबित बिन वकश, दारे अहया अत्तुरास अल-अरबी बैरूत 1996 ई ई)(असदुल ग़ाबह फी मअरफतिस्सहाबा जिल्द 2 पृष्ठ 291 सलमा बिन साबित, दारुल फिक्र बैरूत 2003 ई ई)

फिर सनान बिन सैफी हैं इन का सम्बन्ध खज़रज के कबीला बनू सलमा से था। उनकी मां का नाम नायला बिनत क़ैस था। उनका एक बेटा मसूद भी था। 12 नबवी में मसअब बिन उमैर की तब्लीग़ के कारण उन्होंने इस्लाम को स्वीकार कर लिया। यह बैअत उक़बा सानिया के अवसर पर अन्य सत्तर अंसार के साथ शामिल हुए और जंग बद्र और उहद में शरीक हुए।

(अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद जिल्द 3, पृष्ठ 291, वमन बनी उबैद बिन अदि ..., सिनान बिन सैफी, दारे अहया अत्तुरास अल-अरबी 1996 ई), (हबीब कबरिया के तीन सौ असहाब तालिब हाश्मी पृष्ठ 325, नदीम यूनुस प्रिंटर लाहौर 1999 ई) जंग उहद में भी शामिल थे और इसमें आप को शहादत नसीब हुई।

(अस्सैरतुन नबिवय्या ले इब्ने हश्शाम भाग 1 पृष्ठ 276 अध्याय अस्मा मन शहेदा, दारुल कुतुब अल-अरबी बैरूत 2008 ई)

फिर हज़रत अब्दुल्लाह बिन अब्दुल मुनाफ हैं उनका संबंध कबीला बनू नोमान से था। (अस्सैरतुन नबिवय्या ले इब्ने हश्शाम भाग द्वितीय पृष्ठ 410, मन हज़रत बदरन मिनल मुसलेमीन,दारुल कुतुब अल-अरबी बैरूत 2008) अबू याहया उनका उपनाम था उनकी वालदा हमीमह पुत्री उबैद थीं। उनकी एक बेटी थीं उनका नाम भी हुमैमह था जिसकी माँ रुबैअ पुत्री तुफ़ैल थीं। आप जंग बद्र और उहद में शरीक हुए थे।

(अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद जिल्द 3, पृष्ठ 292 अब्दुल्लाह बिन अब्दुल मुनाफ, दारे अहया अत्तुरास अल-अरबी बैरूत 1996 ई)

फिर हज़रत मुहिज़र बिन आमिर मलिक हैं। उनकी मृत्यु जंग उहद के लिए निकलने वाली सुबह के समय हुई थी। उनका पूरा नाम मुहिज़र बिन आमिर था। उन का बनू आदी बिन नज़र से संबंध थे। उनकी मां का नाम सादी बिन खालिद बिन हारिस था और उन का सम्बन्ध और कबीला से था। उनकी मां हज़रत साद बिन ख़समा की बहन थीं। उन के बारे में लिखा है कि उम्मे सुहल बिन अबी ख़ारिजा से आप की औलाद असमा और कुलसूम थीं। आपने जंग बदर में भाग लिया। जिस दिन आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने जंग उहद के लिए निकलना था उस दिन सुबह के समय उनकी मृत्यु हो गई थी। उन ती गिनती उन लोगों में की गई है जो जंग उहद में शामिल हुए थे।

(अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद जिल्द 3, पृष्ठ 388 महरज़ बिन आमिर, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 1990 ई) क्योंकि शामिल होने का इरादा था इसलिए आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उन्हें शामिल होने वालों में गिना था।

हज़रत आयज़ बिन माइस अंसारी सहाबी हैं। वह अंसार के बनू सियोन कबीला से संबंधित थे। आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उनका भाईचारा हज़रत सवीबत बिन हरमला से करवाया था। आप अपने भाई हज़रत मआज़ बिन आयस के साथ जंग बगदर में शामिल हुए। आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ सारी जंगों में शामिल हुए । हज़रत आयज़ बिन माइस बेयर माऊना और जंग क़ंदक में शरीक हुए और आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ सभी जंगों में शरीक थे। हज़रत अबु बकर के दौरे खिलाफ़त में 12 हिजरी में जंग यमामा में शहीद हुए।

(असदुल ग़ाबः फी मअरफतिल सहाबा जिल्द 3 पृष्ठ 43 झयज़ बन मास मुद्रित दारुल फिक्र बैरूत 2003 ई),

(अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद जिल्द 3, पृष्ठ 301 झयज़ बन मास दारे अहया अत्तुरास अल-अरबी 1996 ई)

फिर हज़रत अब्दुल्लाह बिन सलमा बिन मलिक अंसारी हैं। आप अंसार के

कबीला बिल्ली से संबंधित थे। जंग बद्र और उहद में शरीक हुए और जंग उहद में शहीद हुए। हज़रत अब्दुल्लाह बिन सलमा जब शहीद हुए तो उन्हें और हज़रत मजज़्ज़र बिन ज़याद को एक ही चादर में लपेट कर ऊंट पर मदीना लाया गया। हज़रत अब्दुल्लाह बिन सलमा की मां आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास आईं और अर्ज़ किया हे रसूलल्लाह! मेरा बेटा जंग बद्र में शरीक हुआ था और जंग उहद में शहीद हो गया है। मैं चाहती हूँ कि उसे अपने पास ले आऊँ, यानी उसको मदीना में दफन किया जाए, ताकि मैं उसकी निकटता से परिचित हो सकूँ। उस पर आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अनुमति इनायत फ़रमाई। हज़रत अब्दुल्लाह बिन सलमा मोटे और भारी वज़न के थे और हज़रत मजज़्ज़र बिन ज़याद दुबले पतले थे लेकिन रिवायतों मेंया लिखा है कि ऊंट दोनों वज़न बराबर रहा। इस पर लोगों ने आश्चर्य किया तो आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि इन दोनों के कर्मों ने उन्हें बराबर कर दिया है।

(असदुल ग़ाबह फी मअरफतिस्सहाबा जिल्द 3 पृष्ठ 160-161 अब्दुल्लाह बिन सलमा, मुद्रित दारुल फिक्र बैरूत 2003 ई)

फिर एक सहाबी हज़रत मसूद बन ख़लदा हैं। उनका नाम मसूद बन ख़लदा था और कुछ रिवायतों में मसूद बिन ख़ालिद उल्लेख किया है। वह अंसार के बनू ज़ुरैक कबीला से संबंधित थे। जंग बद्र और उहद में शरीक हुए और कुछ रिवायतों से पता चलता है कि आप घटना बेअर माऊना में शहीद हुए जबकि कुछ अन्य रिवायतों में है कि आप जंग ख़ैबर में शहीद हुए।

(अल्इस्तेयाब फी तमीज़ सहाबा जिल्द 3 पृष्ठ 448 मसूद बन ख़लदा, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 2002), (अलअसाबह फी तमीज़िस्सहाबा जिल्द 6 पृष्ठ 281 मसूद बन ख़लदा, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 2005)

फिर हज़रत मसूद बिन सअद अंसारी हैं। हज़रत मसूद का संबंध अंसार के कबीला बनू ज़रीक था। जंग बद्र और उहद में आप शरीक हुए और कुछ के निकट हज़रत मसूद बिन सअद घटना बेयर मऊना में शहीद हुए जबकि मुहम्मद बिन उमैरा और अबू नईम के निकट अपने जंग ख़ैबर में शहीद हुए।

(असदुल ग़ाबह फी मअरफतिस्सहाबा जिल्द 4 पृष्ठ 369-370 मसूद बिन सअद, दारुल फिक्र बैरूत 2003 ई)

फिर एक सहाबी हज़रत ज़ैद बिन असलम हैं। यह भी अंसारी हैं। हज़रत ज़ैद बिन असलम का संबंध अंसार के कबीला बनू अजलान से था। यह जंग बद्र और उहद में शामिल हुए और हज़रत अबू बक्र के दौरे खिलाफ़त में तुलैहा बिन ख़ुलैद अलअसदी के ख़िलाफ लड़ते हुए बुज़ाख़ह के दिन शहीद हुए। बुज़ाखह नजद में एक चश्मा है जहां मुसलमानों की इस्लामी हुकूमत के विद्रोही और नबुव्वत के दावादागार तुलैहा बिन अलअसदी से लड़ाई हुई थी।

(अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद जिल्द 3, पृष्ठ 246 दारे अहया अत्तुरास अल-अरबी बैरूत 1996 ई) (असदुल ग़ाबह फी मअरफतिस्सहाबा जिल्द 2 पृष्ठ 135-136 ज़ैद बिन असलम, दारुल फिक्र बैरूत 2003 ई)

फिर एक सहाबी हैं अबू अलमुनज़िर यज़ीद बिन आमिर। उनका नाम यज़ीद बिन अमरो भी उल्लेख किया है। उनका संबंध अंसार के कबीला बनू सवाद से था। बैअत उक़बा और जंग बद्र और उहद में शामिल हुए और उनकी औलाद मदीना और बग़दाद में भी थी। (अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद जिल्द 3, पृष्ठ 294, यज़ीद बिन आमिर, दारे अहया अत्तुरास अल-अरबी बैरूत 1996 ई) (अलअसाबा फी तमीज़िस्हहाबा जिल्द 6 पृष्ठ 525 यज़ीद बिन आमिर, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 2005) उनकी औलाद पर्याप्त फैली।

फिर हज़रत अम्र बिन सअलबा अंसारी सहाबी हैं। उनका संबंध अंसार के कबीला बनू अदि से था। अपने उपनाम से अधिक जाने जाते थे। आप जंग बद्र और उहद में शरीक हुए। हज़रत अम्र बिन सअलबा वर्णन करते हैं कि आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से सयालह स्थान पर मिला और यहाँ पर इस्लाम स्वीकार कर लिया और आप ने मेरे सिर पर हाथ फेरा। वज़्ज़ाह बिन सलमा एक सहाबी हैं वह अपने पिता से रिवायत करते हैं कि सौ साल की उम्र में भी हज़रत अम्रो बिन सअलबा के सिर पर जिस जगह नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हाथ फेरा था वहाँ बाल सफेद नहीं हुए थे।

(असदुल ग़ाबह फी मअरफतिस्सहाबा जिल्द 3, पृष्ठ 700 अम्रो बिन सअलबा अंसारी, दारुल फिक्र बैरूत 2003 ई) (अल्इस्तियाब फी मअरफतिस्सहाबा जिल्द 3, पृष्ठ 253 अम्रो बिन सअलबा बिन अंनज्जार, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 2002)

हज़रत अबू ख़ालिद हारिस बिन क़ैस बिन ख़ालिद बिन मुख़ल्लद एक सहाबी थे। वह अंसार के कबीला बनू ज़ुरैक से संबंधित थे। आप अपने उपनाम से अधिक जाने जाते हैं। आप बैअत उक़बा और जंग बदर सहित सभी जंगों में आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ शरीक हुए। हज़रत ख़ालिद बिन वलीद के साथ जंग यमामह में शामिल हुए और घायल हो गए। घाव चंगा हो गया लेकिन उमर के दूर में फिर घाव फट पड़ा जिससे आपकी मृत्यु हो गई। इसलिए आप जंग यमामह के शहीदों में शामिल किया जाता है।

(असदुल ग़ाबह फी मअरफतिस्सहाबा जिल्द 5 पृष्ठ 81 अबू ख़ालिद हारिस बिन क़ैस, दारुल फिक्र बैरूत 2003 ई) (अल्इस्तेयाब फी मअरफतिल असाब जिल्द 1 पृष्ठ 363 हारिस बिन क़ैस अज़रकी, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 2002)

फिर एक सहाबी हज़रत अब्दुल्लाह बिन सअलबा अलबलवी हैं। यह भी अंसारी हैं। उनका नाम हज़रत अब्दुल्लाह बिन सअलबा था आप जंग बद्र और उहद में शामिल थे। जंग बद्र में अपने भाई हज़रत बह्हास बिन सअलबा के साथ शामिल हुए।

(असदुल ग़ाबह फी मअरफतिस्सहाबा जिल्द 3 पृष्ठ 85 अब्दुल्लाह बिन सअलबा ालबलवी, दारुल फिक्र बैरूत 2003 ई), (अत्तबकातुल कुब्रा जिल्द 3 पृष्ठ 418 अब्दुल्लाह बिन सअलबा मुद्रित दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 1990 ई)

फिर हज़रत नह्बाब बिन सअलबा अंसारी हैं। उनका संबंध अंसार के कबीला बिल्ली था। उनके दो भाई हज़रत अब्दुल्लाह और हज़रत यज़ीद थे। उनके भाई हज़रत यज़ीद बैअत अक़बा ऊला और सानिया दोनों में शामिल थे। हज़रत नह्हाब बिन सअलबा अपने भाई हज़रत अब्दुल्लाह बिन सअलबा के साथ जंग बद्र और उहद में शरीक हुए। हज़रत नह्हाब बिन सअलबा नाम बह्हास बिन सअलबा भी उल्लेख किया है।

(असदुल ग़ाबह फी मअरफतिस्सहाबा जिल्द1 पृष्ठ 230 बह्हास बिन सअलब, दारुल फिक्र बैरूत 2003 ई) (अल्इस्तेयाब फी मअरफतिल असाब जिल्द 1 पृष्ठ 267 बषात बन सअलबा, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 2002 ई)

फिर हज़रत मालिक बिन मसूद अंसारी हैं। उनका नाम मालिक बिन मसूद था। उनका संबंध अंसार के कबीला बनू साद से था। आप जंग बद्र और उहद में शरीक हुए।

(असदुल ग़ाबह फी मअरफतिस्सहाबा जिल्द 4 पृष्ठ 255, मालिक बिन मसूद, दारुल फिक्र बैरूत 2003 ई)

फिर अब्दुल्लाह बिन क़ैस बिन सख़र अंसारी हैं। उनका संबंध अंसार के कबीला बनू सलमा से था। अपने भाई मअबद बिन क़ैस के साथ जंग बद्र और जंग उहद में शामिल हुए थे।

(असदुल ग़ाबह जिल्द 3 पृष्ठ 366 अब्दुल्लाह बिन क़ैस मुद्रित दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत) (अत्तबकातुल कुब्रा जिल्द 3, पृष्ठ 437 मअबद बिन क़ैस मुद्रित दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 1990 ई)

फिर हज़रत अब्दुल्लाह बिन अबस अंसारी हैं। उनका संबंध अंसार के कबीला ख़ज़रज की शाखा बनू अदि से था। कुछ ने उनका नाम अब्दुल्लाह बिन उबेस वर्णन किया है। यह आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ जंग बद्र और उसके बाद होने वाली सभी जंगों में शामिल हुए।

(अल्इस्तेयाब फी मअरफतिल असाबा जिल्द 3 पृष्ठ 75 अब्दुल्लाह बिन अबस, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 2002)

फिर हज़रत मउतिब बिन कुशैयर अंसारी हैं। कुछ रिवायतों में आपका नाम मुअतिब बिन बशीर भी उल्लेख किया है। उनका संबंध अंसार के कबीला ओस की शाखा बनू ज़ुबैअ: से था। हज़रत मअतब बिन कुशैयर बैअत अक़बा में शामिल थे। आप जंग बद्र और उहद में शरीक हुए।

(असदुल ग़ाब: फी मअरफतिल सहाबा जिल्द 4 पृष्ठ 432 मअतब बिन कुशैयर, दारुल फिक्र बैरूत 2003 ई)

हज़रत स्वाद बिन रज़न अंसारी एक सहाबी हैं। उनका नाम स्वाद बिन रज़न था कुछ अधिक रिवायतों में आपका नाम सागर बिन रज़न और स्वाद बिन ज़रीक भी उल्लेख किया है। यह जंग बद्र और उहद में शरीक हुए।

(अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद जिल्द 3, पृष्ठ 293 स्वाद बिन रज़न, दारे अहया अत्तुरास अल-अरबी बैरूत 1996 ई)

फिर हज़रत मझतब बिन औफ सहाबी थे। हज़रत मअतब बिन औफ का संबन्ध कबीला बनू ख़ुज़ाअ से है। यह बनू मखज़ूम के सहयोगी थे। आप को मुअतब बिन अल-हमरा भी कहा जाता है। आप की कुन्नियत अबू औफ है। हज़रत मुअतब बिन औफ दूसरी हिजरत हब्शा में शामिल थे। जब हज़रत मुअतब बिन औफ मक्का से मदीना हिजरत की तो हज़रत मुबशशरि बिन अब्दुल मुनज़िर के यहाँ ठहरे। मदीना के भाईचारा के साय समय आं हज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत सअलबा बिन हातिब अंसारी के साथ आप का भाईचारा करवाया था। हज़रत मुअतब बिन औफ जंग बद्र, उहद, ख़ंदक सहित सभी जंगों में आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ शामिल हुए। हज़रत मुअतब बिन औफ की मृत्यु 57 हिजरी में 78 साल की आयु में हुई।

(अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद जिल्द 1 पृष्ठ 141, मुअतब बिन औफ, दारे अहया अत्तुरास अल-अरबी बैरूत 1996 ई)

फिर हज़रत बुहैर बिन अबी बुहैर हैं। हज़रत बुहैर बिन अबी बुहैर जंग बद्र और उहद में शरीक थे। उनके बारे में बस इतना ही लिखा गया है।

(अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद जिल्द 3, पृष्ठ 395 बुहैर बिन अबी बुहैर, दारुल कुतुब अल्इलिमया बैरूत 1990 ई)

फिर हज़रत आमिर बिन बुकैर थे। हज़रत आमिर बिन बुकैर का संबंध कबीला बनू साद से था। हज़रत आमिर जंग बद्र में शरीक हुए और आप के साथ आप के भाई हज़रत इयासी बिन बुकैर, हज़रत आकिल बिन बुकैर और हज़रत ख़ालिद बिन बुकैर जंग बद्र में शामिल हुए और यह सब बाद की जंगों में शामिल हुए। इन सब भाइयों ने दारे अरकम में इस्लाम स्वीकार कर लिया था। हज़रत आमिर बिन बुकैर जंग यमामह वाले दिन शहीद हुए।

(अल्इस्तेयाब फी मअरफतिल असाब जिल्द 2 पृष्ठ 788 आमिर बिन बुकैर, उत्तरदायी ालजील बैरूत 1992)

फिर हज़रत अम्रो बिन सुराकह बिन अलमुअतमर हैं। उनका पूरा नाम हज़रत अम्रो बिन सुराकह बिन अलमुअतमर जैसा कि मैंने कहा है। हज़रत उसमान के दौरे खिलाफ़त में उनकी मृत्यु हुई थी। उनकी मां का नाम कदामह पुत्री अब्दुल्लाह बिन उमर था। कुछ के निकट उनकी माँ का नाम आमिना पुत्री अब्दुल्लाह बिन उमेर बिन उहेब था। हज़रत अम्रो बिन सराकह का संबंध कबीला बनू अदि से था और हज़रत अब्दुल्लाह बिन सुराकह आप के भाई थे। हज़रत अम्रो बिन सुराकह अपने भाई हज़रत अब्दुल्लाह के साथ हिजरत कर के मदीना आए तो हज़रत रफाह बिन अब्दुल मुनज़िर अंसारी ने आप को अपने यहाँ ठहराया।

(अत्तबकातुल कुब्रा जिल्द 3 पृष्ठ 295, अम्रो बिन सुराक, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 1990 ई), (असदुल ग़ाबह फी मअरफतिस्सहाबा जिल्द 4 मुख्य 523 अम्रो बिन सुराक, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 2005) आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत अम्रो बिन सुराकह की हज़रत साद बिन ज़ैयद के साथ भाईचारा स्थापित किया। (असदुल ग़ाबह फी मअरफतिस्सहाबा जिल्द 2 पृष्ठ 436 साद बिन ज़ैयद बिन मलिक अलअशहली, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत) हज़रत अम्रो बिन सुराकह ने जंग बद्र, उहद, ख़ंदक सहित सभी जंगों में हिस्सा लिया की। हज़रत आमिर बन रबीया रिवायत करते हैं कि आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हमें जंग नख़ला पर भेजा और हमारे साथ हज़रत अम्रो बिन सुराकह भी थे। आपका शरीर दुबला और कद लंबा था। यात्रा के दौरान हज़रत उमर बिन सुराकह पेट पकड़कर बैठ गए, क्योंकि खाने-पीने का वहाँ कुछ नहीं था, भूख की तीव्रता के कारण नहीं चल सकते थे। कहते हैं हम ने एक पत्थर लेकर आप के पेट के साथ कस कर बांध दिया फिर आप हमारे साथ चलने लगे। फिर हम अरब के एक कबीला में पहुंचे तो कबीले वालों ने हमारे खाने की व्यवस्था की। इसके बाद फिर आप चल पड़े। मज़ाक भी था सहाबा में तो वहाँ से खाना खाने के बाद जब चल पड़े तो हज़रत अम्रो बिन सुराकह कहने लगे कि पहले मैं समझता था कि इंसान के दोनों पैर उसके पेट को उठाते हैं लेकिन आज मुझे पता चला है कि वास्तव में पेट पैर को उठाता है। खाली पेट हो तो आदमी चल नहीं सकता। हज़रत उमर ने आप को ख़ैबर में ज़मीन का एक हिस्सा अता फरमाया था। हज़रत अम्रो बिन सुराका की वफात जैसा कि मैंने कहा हज़रत उसमान के दौरे खिलाफ़त में हुई।

(असदु ग़ाबा जिल्द 3, पृष्ठ 723 अम्रो बिन सुराक अलकरशी, दारुल फिक्र बैरूत 2003 ई), (अलअसाबा जिल्द 4 पृष्ठ 523 "अम्रो बिन सुराकह" दारुलकुतुब अल्इमया बैरूत 1995 ई)

फिर हज़रत साबित बिन हज़ाल एक सहाबी हैं। उनका संबंध खज़रज की शाखा बनू अमरो बिन औफ से था। जंग बद्र, उहद, ख़ंदक सहित सभी जंगों में आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ शरीक हुए। 12 हिजरी को हज़रत अबूबकर के दौरे ख़िलाफत में होने वाली लड़ाई यमामह में शहीद हुए।

(असदुल ग़ाबह फी मअरफतिस्सहाबा जिल्द 1 पृष्ठ 456 साबित बिन हज़ाल, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत) (अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद जिल्द 3, पृष्ठ 283 साबित बिन हज़ाल, दारे अहया अत्तुरास अल-अरबी बैरूत 1996 ई)

फिर हज़रत सुबेअ बिन क़ैस हैं। आप अंसारी खज़रजी थे। जंग बद्र और उहद में शामिल हुए। हज़रत सुबेअ रज़ियल्लाहो अन्हो की माँ का नाम ख़दीजा पुत्री अम्र बिन ज़ैयद है। हज़रत सुबैए का एक बेटा था जिसका नाम अब्दुल्लाह था और उसकी माँ कबीला बनू जुदारह से थीं। वह मर गया था। इसके अलावा आप का कोई बच्चा नहीं था। हज़रत उबैअ बिन क़ैस आप के भाई थे। हज़रत सुबेअ बिन क़ैस और हज़रत इबादा बिन क़ैस हज़रत अबु दरदाय के चाचा थे और हज़रत सुबेअ के सगे भाई ज़ैद बिन क़ैस भी थे।

(अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद जिल्द 3, पृष्ठ 275 सुबेअ बिन क़ैस, दारे अहया अत्तुरास अल-अरबी बैरूत 1996 ई)

फिर हज़रत ख़ुबाब मौला उतबह बिन गज़ावन थे। हज़रत ख़ुबाब रज़ियल्लाहो अन्हो हज़रत उतबह बिन गज़ावान के स्वतंत्र किे गए ग़ुलाम थे। आपकी कुन्नियत अबू यहया थी। बनू नोफल के सहयोगी थे। आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हिजरत मदीना के समय आप का भाईचारा हज़रत तमीम मौला ख़िराश बिन अस्समअ: से करवाई थी। हज़रत ख़ुबैब जंग बद्र, उहद, ख़ंदक सहित सभी जंगों में आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ शामिल हुए। 19 हिजरी में अपनी मृत्यु मदीना में हुई। उस समय आपकी उम्र पचास साल थी। उनका नमाज जनाज़ा हज़रत उमर ने पढ़ाया।

(अत्तबकातुल कुब्रा जिल्द 3 पृष्ठ 73 ख़ुबैब मौला उतबा, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 1990 ई), (असदुल ग़ाबह जिल्द 2 पृष्ठ 151 ख़ुबैब मौला उतब:, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत)

हज़रत सुफियान बिन नसर अंसारी एक सहाबी थे। हज़रत सुफियान का संबंध क़बीला खज़रज के परिवार बनू हुशम से था। उनके पिता के नाम में मतभेद है कुछ ने नसर लिखा है और कुछ ने बिशर वर्णन किया है। जंग बद्र और उहद में यह शरीक हुए।

(असदुल ग़ाबह फी मअरफतिस्सहाबा जिल्द 2 पृष्ठ 274 सुफियान बिन नसर, दारुल फिक्र बैरूत 2003 ई)

एक रिवायत के अनुसार आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत सुफियान का भाईचारा हज़रत तुफ़ैल बन हारिस के साथ करवाया था।

(अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद जिल्द 3 पृष्ठ 30 तुफ़ैल बिन हारिस, दारे अहया अत्तुरास अल-अरबी बैरूत 1996 ई)

फिर एक सहाबी अबू मखशी अत्ताई हैं। यह अपनी कुन्नियत अबू मखशी से ही मशहूर थे। उनका नाम सुवैद बिन मखशी है। अबू मखशी अत्ताई बनू असद के सहयोगी थे। अव्वलीन मुहाजिरों में से थे। जंग बद्र में शामिल हुए।

(अल्इस्तेयाब फी मअरफतिल असाबा जिल्द 4 पृष्ठ 1754 अबू मखशी अत्ताई, दारे अल्जैल बैरूत 1992 ई)

असदुल ग़ाबह फी मअरफतिस्सहाबा जिल्द 7 पृष्ठ 304 अबू मखशी अत्ताई, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 1995)

फिर हज़रत वहब बिन अबी सरह एक सहाबी हैं। मूसा बिन अक़बा कहते हैं कि आप अपने भाई अमरो के साथ जंग बद्र में शामिल हुए थे।

हिज़रत हब्शा का वर्णन नहीं मिलता। हशीम बिन आदि ने उनका ज़िक्र हब्शा के मुहाजरीन में क्या है लेकिन बलाज़री ने कहा है कि यह बात साबित नहीं है। केवल बद्र में शरीक हुए थे आप जंग बदर और उहद में शामिल हुए थे।

(अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद जिल्द 6 पृष्ठ 489 वहब बिन अबी सरह, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 2005)

फिर हज़रत तमीम मौला बनू गनम अंसारी थे। हज़रत तमीम बनू ग़नम बिन

अस्सिलम के स्वतंत्र किए गए ग़ुलाम थे। आप जंग बद्र और उहद में शरीक हुए।

(अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद जिल्द 3, पृष्ठ 253 तमीम मौला बनी गनम बन अस्सिलम, दारे अहया अत्तुरास अल-अरबी बैरूत 1996 ई)

हज़रत अबू अलहमराय मौला हज़रत हारिस बन अफरा यह जंग बद्र और उहद में शरीक हुए। जंग बद्र में हज़रत मुआज़, हज़रत औफ और हज़रत मऊज़ और उनके स्वतंत्र किए गए ग़ुलाम अबू अलहमराय के पास एक ऊंट था जिस पर वह बारी बारी सवार होते थे।

(असदुल ग़ाबह जिल्द 6 पृष्ठ 75 अबू अलहमराय, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत), (किताबुल मगाज़ी लिल वाकदी जिल्द 1 पृष्ठ 38 बद्र अलकिताल, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 2004 ई)

फिर हज़रत अबु सबरत बिन अबू रहम थे। अबू सबरत उनका उपनाम था। इस उपनाम ने इतनी प्रसिद्धि पाई कि आपका मूल नाम लोगों को भूल गया। उनकी मां का नाम बर्रह पुत्री अब्दुल मुत्तलिब जो आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की फूफी थीं। इस तरह हज़रत अबु सबरत आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के फूफी ज़ाद भाई हुए। हज़रत अबु सबरत ने हब्शा की तरफ दोनों बार हिजरत की। दूसरी हिजरत हब्शा में उनकी पत्नी उम्मे कुलसूम पुत्री सुहैल बिन अम्रो भी शामिल थीं। उनके तीन बेटे थे जिनके नाम मुहम्मद, अब्दुल्लाह और साद थे। हज़रत अबु सबरत जब मक्का से मदीना की ओर हिजरत कर आए तो उन्होंने मुन्ज़िर बिन मुहम्मद के पास निवास किया। आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत अबु सबरत और सलमा बिन सलामह के बीच भाईचारा स्थापित फ़रमाई। हज़रत अबु सबरत जंग बद्र, उहद, ख़ंदक और बाकी सभी जंगों में आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ हम रकाब रहे। आप आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की मृत्यु के बाद मदीना से चले गए और मक्का जाकर आबाद हुए थे। हज़रत अबु सबरत ने हज़रत उस्मान के ज़माना ख़िलाफत में वफात पाई।

(अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद जिल्द 3 पृष्ठ 307-308 अबू सबरत बिन अबी रहम, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 1990 ई) (सैरुस्सहाबा जिल्द 2 पृष्ठ 583 हज़रत अबु सबरत बिन अबी रहम, दारुल इशाअत कराची 2004 ई)

फिर हज़रत साबित बिन अम्रो बिन ज़ैयद हैं। इब्ने इस्हाक़ और ज़हरी जो इतिहास लिखने वाले हैं उन्होंने हज़रत साबित बिन अम्रो का नस्ल को सिलसिला वंश बनू नज्जार से वर्णन किया है और इब्ने मुनदा ने उन के वंश का सिलसिला कबीला बनू अशजअ से क़रार दिया है जो अंसार के सहयोगी थे। जंग बद्र में यह भी शामिल हुए थे और जंग उहद में शहादत पाई।

(असदुल ग़ाब: फी मअरफतिल सहाबा जिल्द 1 पृष्ठ 449 साबित बिन अम्रो बिन ज़ैयद, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत)

फिर हज़रत अबू अलऔर बिन हारिस हैं। हज़रत अबूअल और बिन हैरिस नाम के बारे में मतभेद है। इब्ने इस्हाक कहते हैं कि अबू अल का नाम काब है जबकि इब्ने उम्मारा के निकट उनका नाम हारिस बिन ज़ालिम है। आप के चाचा का नाम कअब था। जो वंश को नहीं जानते उन्होंने अबू अल्और को उनके चाचा कअब के नाम से नामित किया है। इब्ने हिशाम भी यही कहते हैं। हज़रत अबू अलऔर की माता की नाम उम्मे न्यार पुत्री इयास बिन आमिर थीं उनका संबंध अंसार के कबीला खज़रज की शाखा बनी अदि बिन नज्जार से था। जंग बद्र और उहद में यह शरीक हुए।

(अल्इस्तेयाब फी मअरफतिल असाबा जिल्द 4 पृष्ठ 1599 अबू अलऔर बिन हारिस, दार अलजबील बैरूत 1992) (अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद जिल्द 3 पृष्ठ 389-390 अबू अल और, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 1990 ई)

फिर हज़रत अबस बिन आमिर बिन अदि हैं। इब्ने इस्हाक़ ने आपका नाम अबस वर्णन किया है और मूसा बिन अक़बा ने आप का नाम अबसा वर्णन किया है। उनकी मां का नाम उम्मुल बनीन पुत्री ज़खीर बिन सअलबा था। उनका संबंध अंसार के कबीला ख़ज़रज के परिवार बनू सलमा से था। हज़रत अबस उन सत्तर अंसार सहाबा में शामिल थे जो बैअत उक़बा में उपस्थित थे और आप जंग बद्र और जंग उहद में शरीक हुए।

(तब्काते कुब्रा ले इब्ने सअद जिल्द 3, पृष्ठ 294, अबस बन आमिर, दारे अहया अत्तुरास अल-अरबी बैरूत 1996 ई) (असदुल ग़ाबह फी मअरफतिस्सहाबा जिल्द 3, पृष्ठ 415 अबस बिन आमिर अंसार, दारुल फिक्र बैरूत 2003 ई)

फिर हज़रत इयास बिन बुकैर हैं, उन्हें इब्न अबी बुकैर भी कहा जाता था। आप कबीला बनू साद बिन लैस से थे जो बनी अदि के सहयोगी थे। हज़रत आकिल, हज़रत आमिर, हज़रत इयास और हज़रत ख़ालिद ने इकट्ठे दारे अरक़म में इस्लाम स्वीकार किया था। हज़रत इयासा और उनके भाइयों हज़रत आकिल और हज़रत ख़ालिद और हज़रत आमिर ने एक साथ हिजरत की और मदीना में रफाह बिन अबदुल मुनज़र के यहाँ निवास किया। उनकी माँ की तरफ से तीन भाई और भी थे यह सब जंग बद्र में शामिल हुए। इब्न यूनुस ने कहा है कि इयासा मिस्र की फत्ह में भी शरीक थे और 34 हिजरी में मृत्यु पाई जबकि एक रिवायत के अनुसार हज़रत इयास ने जंग यमामह में शहादत पाई। उनके भाई हज़रत मुआज़ और हज़रत माऊज़ और आकिल जंग बद्र में जबकि हज़रत ख़ालिद घटना रजीई में और हज़रत आमिर जंग यमामह में शहीद हुए। हज़रत आमिर के बारे में एक रिवायत है कि आप बेअरे मऊना में शहादत पाई। हज़रत इयास बिन बकीर जंग बद्र, जंग उहद, जंग ख़ंदक और बाकी सभी जंगों में नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ रहे। आप इस्लाम को स्वीकार करने वाले आरम्भ के लोगों में से थे और प्रारंभिक हिजरत करने वालों में से थे। आप मुहम्मद बिन इयासा बिन बुकैर के पिता थे। नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत इयासा बिन बुकैर और हज़रत हारिस बिन खज़मह के बीच भाईचारा स्थापित फरमाया था। यह शायर भी थे।

(अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद जिल्द 3 पृष्ठ 297-298 आकिल बिन अबी अलबकीर, इयास बिन अबी अलबकीर, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 1990 ई), (असदुल ग़ाबह फी मअरफतिस्सहाबा जिल्द 1 पृष्ठ 213 इयास बिन अलबकीर, दारुल फिक्र बैरूत 2003 ई), (अल्असाबा फी तमीज़िस्सहाबा जिल्द 1 पृष्ठ 309-310 इयास बिन अबी अलबकीर, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 2005), (किताबुल महबर पृष्ठ 399-400 दार नशरुल किताब इस्लामिया लाहौर) (बद्र अलबदोर उर्फ असहाबे बद्र लेखक काज़ी मुहम्मद सुलेमान मंसूरपूरी पृष्ठ 44, इयास बन अलबकीर, मकतबा नज़ीरया लाहौर)

ज़ैद बिन असलम से रिवायत है कि अबू अलबकीर के लड़के यानी यह आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में हाज़िर हुए और अर्ज़ किया कि हे रसूलल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वस्लल्म हमारी बहन का अमुक व्यक्ति के साथ विवाह कर दिया जाए। आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि बिलाल के बारे में तुम्हारा क्या विचार है। बिलाल इससे बेहतर है इस के बारे में सोचो। वे लोग चले गए। दूसरी बार फिर आए और आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में हाज़िर हुए और फिर अर्ज़ किया कि या रसूलल्लाह पैगंबर हमारी बहन का अमुक व्यक्ति के साथ शादी कर दीजिए। आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फिर यही कहा कि बिलाल के बारे में तुम्हारा क्या विचार है। वे सोचने के लिए फिर चले गए। फिर वे लोग तीसरी बार आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में हाज़िर हुए और फिर यही अर्ज़ किया कि हमारी बहन का अमुक व्यक्ति के साथ शादी कर दीजिए। आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फिर यही कहा कि बिलाल के बारे में तुम्हारा क्या विचार है? और फिर कहा कि ऐसे व्यक्ति के बारे में तुम्हारा क्या विचार है जो जन्नत वालों में है। फिर उन लोगों ने आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से निवेदन किया कि ठीक है और बिलाल से अपनी बहन का विवाह कर दिया।

(अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद जिल्द 3 पृष्ठ 179 बिलाल बन रबीअह, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 1990 ई)

तो हज़रत बिलाल का यह स्थान था। और कैसे रिश्ते तय होते थे उस समय। ठीक है एक दो बार इनकार किया लेकिन तीसरी बार फिर उन्हें जो आदेश हुआ वह मान लिया। बहरहाल प्रत्येक का अपना अपना स्थान था। कुछ लोग पहली बार ही मान लेते थे कि ठीक है जो आप ने फरमाया कुछ सोचने लग जाते थे लेकिन बहरहाल हज़रत बिलाल के स्थान का भी पता लगता है।

फिर एक सहाबी हज़रत मालिक बन नुमीलह हैं। उनकी मां का नाम नुमीलह था। उन्हें इब्ने नुमेलहा कहा जाता था। उनका संबंध कबीला मुज़य्यना से था जो कबीला ओस की शाखा बनी मुआविया के सहयोगी थे। जंग बद्र और जंग उहद में शरीक हुए और जंग उहद में उनकी शहादत हुई।

(अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद जिल्द 3, पृष्ठ 358 मालिक इब्ने नुमीला, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 1990 ई) (असदुल ग़ाबह फी मअरफतिस्सहाबा जिल्द 4 पृष्ठ 258 मालिक बन नुमीला, दारुल फिक्र बैरूत 2003 ई)

फिर हज़रत उनैस बिन क़तादा बिन राबिया हैं। उनका संबंध अंसार के कबीला औस से था। बद्र में आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ शरीक थे। जंगे उहद में शहीद हुए। अबुल हकम बिन अख़नस बिन शरीक ने उन्हें शहीद किया था।

हज़रत ख़नसाय पुत्री ख़िज़ाम हज़रत उनैस बिन क़तादा के निकाह में थीं। जब वह उहद के दिन शहीद हुए तो हज़रत ख़नसाय के पिता ने उनका निकाह कबीला मज़ीना के एक व्यक्ति से कर दिया लेकिन यह उसे नापसंद करती थीं। फिर यह आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास आईं। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत ख़नसाय का निकाह समाप्त कर दिया। पिता ने निकाह किया था। नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने कहा अगर लड़की को यह नापसंद है तो निकाह समाप्त कर दिया। इसके बाद हज़रत ख़नसाय ने हज़रत अबू लबाबह से शादी कर ली और इस शादी से फिर हज़रत साइब बिन अबी लबाबह का जन्म हुआ।

(असदुल ग़ाबह फी मअरफतिस्सहाबा जिल्द 1 पृष्ठ 187 उनैस बिन क़तादा बिन राबिया, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 2003 ई), (अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद जिल्द 3, पृष्ठ 354 उनैस बिन क़तादा, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 1990 ई)

यह है उदाहरण महिला की स्वतंत्रता का। रिश्तों के मामले में कुछ लोग जो अपनी लड़कियों पर ज़बरदस्ती करते हैं उन्हें सोचना चाहिए।

फिर हज़रत हारिस बन अरफज़ा एक सहाबी थे। उनका संबंध कबीला बनू ग़नम था। जंग बद्र और उहद में यह भी शामिल हुए।

(अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद जिल्द 3, पृष्ठ 253 हारिस बन अरफज, दारे अहया अत्तुरास अल-अरबी बैरूत 1996 ई)

फिर हज़रत राफे बिन उनजुदा अंसारी थे। हज़रत राफे के पिता का नाम अब्दुल हारिस था, उनजुदा आप की माँ का नाम था। हज़रत राफे ने अपनी मां के अपनाम से प्रसिद्धि पाई, पिता के बजाय मां के नाम से मशहूर हुए। उनका संबंध कबीला बनू उमय्या बिन ज़ैद बिन मलिक से था। जंग बद्र, उहद और ख़ंदक में यह शरीक हुए।

(असदुल ग़ाबह फी मअरफतिस्सहाबा जिल्द 2 पृष्ठ 45 राफे बन उनजुदह, दारुल फिक्र बैरूत 2003 ई),(असदुल ग़ाबह फी मअरफतिस्सहाबा जिल्द 2 पृष्ठ 369 राफे बन उनजुदह, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 2005 ई)

एक रिवायत के अनुसार आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत राफे बन उनजुदा और हज़रत हुसैन रज़ि अल्लाह तआला अन्हो बिन हारिस के बीच भाईचारा स्थापित किया था।

(अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद जिल्द 3 पृष्ठ 30 उल्लेख अलहुसैन बिन हारिस, दारे अहया अत्तुरास अल-अरबी 1996 ई)

फिर हज़रत ख़लैद बिन क़ैस एक सहाबी थे। उनकी मां का नाम इदामा पुत्री अलकन था कि बनू सलमा से थीं। ख़ुलैद बिन क़ैस के अलावा आपका नाम ख़लीद बिन क़ैस, ख़ालिद बिन क़ैस और ख़ालिदा बिन क़ैस भी मिलता। यह जंग बद्र और उहद में शरीक थे। उनके सगे भाई जिनका नाम ख़ल्लाद था। कुछ इतिहासकारों के निकट यह भी बद्री सहाबा में शामिल थे।

(अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद जिल्द 3, पृष्ठ 292 ख़ुलैद बिन क़ैस, दारे अहया अत्तुरास अल-अरबी 1996 ई)

फिर हज़रत सकफ बिन अम्रो हैं। हज़रत सकफ बिन अम्रो के कबीला के बारे में अलग राय हैं। कुछ ने बनू असलम, कुछ के निकट बनू असद था, जबकि कुछ आप का संबंध कबीला बनू सुलम से बताते हैं। आप बनू असद के सहयोगी थे लेकिन कुछ के निकट आप बनू अब्दुल शम्स के सहयोगी थे। यह अपने दो भाइयों के साथ बद्र में शरीक हुए जिनके नाम हज़रत मालिक बिन अम्रो और मुदलाज बिन अम्रो है। हज़रत सकफ बिन अम्रो पहले मुहाजिरों में से थे। जंग बद्र, उहद, ख़ंदक , हुदैबिया और ख़ैबर में शामिल हुए और जंग ख़ैबर में आप की शहादत हुई।

(असदुल ग़ाबह फी मअरफतिस्सहाबा जिल्द 1 पृष्ठ 476 सकफ बिन अम्रो, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत) (असदुल ग़ाबह फी मअरफतिस्सहाबा जिल्द 1 पृष्ठ 525 सकाफ, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 1995) (अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद जिल्द 3 पृष्ठ 72 सकफ बिन अम्रो, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 1990 ई)

